उ.प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज

संख्या : ओ.यू./793/2023 दिनाँक : 15–09–2023

सूचना

"क्षय रोग मुक्त उत्तर प्रदेश : क्षय रोगियों को गोद लेने हेतु प्रदेश व्यापी विशेष अभियान चलाये जाने के सम्बन्ध में" विषयक उ.प्र. शासन के पत्र संख्या 217/पाँच–7–2022 के अनुपालन में एतद्द्वारा माननीया कुलपति जी के निर्देशानुसार विश्वविद्यालय के समस्त निदेशकों/प्रभारियों/अधिकारियों/शिक्षकों/परामर्शदाताओं/कर्मचारियों को सूचित किया जाता है कि स्वास्थ्य विज्ञान विद्याशाखा के तत्वावधान में दिनाँक 16 सितम्बर, 2023 को पूर्वाह्न 11:00 बजे विश्वविद्यालय के यमुना परिसर स्थित **त्रिवेणी सामुदायिक केन्द्र** में विश्वविद्यालय द्वारा **क्षय रोगियों को गोद लिये जाने सम्बन्धी कार्यक्रम** का आयोजन सुनिश्चित हुआ है। कार्यक्रम के **मुख्य अतिथि डॉ. आशु पाण्डेय, मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रयागराज** एवं **विशिष्ट अतिथि डॉ. शैलेश द्विवेदी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, राजकीय क्षय रोग चिकित्सालय, तेलियरगंज, प्रयागराज** होंगे। कार्यक्रम की **अध्यक्षता मा. कुलपति प्रो. सीमा सिंह जी** करेंगी। उक्त कार्यक्रम की समन्वयक डॉ. मीरा पाल, प्रभारी, स्वास्थ्य विज्ञान विद्याशाखा, संयोजक, डॉ. गिरीश कुमार द्विवेदी, एसोसिएट प्रोफेसर, शिक्षा विद्याशाखा एवं आयोजन सचिव, डॉ. दिनेश सिंह, एसोसिएट प्रोफेसर, शिक्षा विद्याशाखा होगें।

कृपया तद्नुसार उक्त कार्यक्रम में प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

(विनय कुमार)
कुलसचिव

पृ.संख्या : ओ.यू./793(1)/2023 तद्दिनाँक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. विश्वविद्यालय के समस्त निदेशकों/प्रभारियों/अधिकारियों को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उक्त कार्यक्रम में अपनी विद्याशाखा/विभाग/अनुभाग/प्रकोष्ठ के शिक्षकों/परामर्शदाताओं/कर्मचारियों की उक्तानुसार प्रतिभागिता सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।
2. प्रभारी, स्वास्थ्य विज्ञान विद्याशाखा, उ.प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज।
3. डॉ. आशु पाण्डेय, मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रयागराज को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया तद्नुसार उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अपनी गरिमामयी उपस्थिति से विश्वविद्यालय को कृतार्थ करने का कष्ट करें।
4. डॉ. शैलेश द्विवेदी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, राजकीय क्षय रोग चिकित्सालय, तेलियरगंज, प्रयागराज को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया तद्नुसार उक्त कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में अपनी गरिमामयी उपस्थिति से विश्वविद्यालय को कृतार्थ करने का कष्ट करें।
5. प्रभारी, आई.सी.टी. को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उक्त कार्यक्रम की सूचना विश्वविद्यालय वेबसाइट में अपलोड कराने का कष्ट करें।
6. वित्त अधिकारी, उ.प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज।
7. कुलपति जी के निजी सचिव को माननीय कुलपति जी के सादर सूचनार्थ।

(विनय कुमार)
कुलसचिव